**सं. 12016/19/2025 - रा.भा.(का.2)**
**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राजभाषा विभाग (का.2)**
***

**एनडीसीसी-2 भवन, बी-विंग, चौथा तल**
**जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001**
**दिनांक: 12 फरवरी, 2026**

**कार्यालय ज्ञापन**

कृपया दिनांक 26 दिसंबर, 2025 के कार्यालय ज्ञापन **सं. 12015/02/2025- रा.भा.(तक.)** का सन्दर्भ लें।

विदित है कि गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग द्वारा पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन इंटरनेशनल इंडोर एग्जिबिशन सेंटर, **अगरतला, त्रिपुरा** में दिनांक 20 फरवरी, 2026 को किया जा रहा है। उपरोक्त सम्मेलन में **मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी** उपस्थित रहेंगे।

2. अवगत कराना है कि यह सम्मेलन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अब उक्त तिथि को अपराह्न 14.00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 20.00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम से पूर्व प्रतिभागियों के लिए लंच की व्यवस्था की गई है जो अपराह्न 12.00 से 13.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। संशोधित कार्यक्रम की संक्षिप्त रुपरेखा इस प्रकार होगी:-

भोजन – 12.00 से 13.00 तक

उद्घाटन सत्र – 14.00 बजे से

जलपान - 17.00 बजे से

द्वितीय सत्र – 17.30 बजे से

सांस्कृतिक कार्यक्रम - 19.00 बजे से

रात्रि भोजन – 20.00 से आरंभ

किट वितरण (का.ज्ञा. सं. 12016/19/2025-रा.भा.(का.2)-पार्ट का सन्दर्भ लें) एवं योग कैम्प (का.ज्ञा. सं. 12016/32/2025-रा.भा.(का.2)-पार्ट का सन्दर्भ लें) पूर्व की भांति 19, फरवरी 2026 को संपन्न होंगे।

**(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)**
निदेशक(कार्यान्वयन)
दूरभाष: 23438129

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/नराकास/स्वायत्त संस्थान/संवैधानिक निकाय आदि।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय।